तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि- कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार 18 जनवरी 2026

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

12 दुर्गूकोंदल में 5 फरवरी को माता पहुचानी, 27 से 2 मार्च तक 4 दिवसीय वार्षिक मेला



14 नए बस स्टैंड में यातायात सुधार की पहल, प्रशासन-व्यापारियों की हुई संयुक्त बैठक






## खबर संक्षेप

### बाइक से गिरे युवक की गंभीर चोट से हुई मौत

**कांकेर।** कोरर थानांतर्गत खैरवही निवासी 23 वर्षीय प्रहलाद जैन पिता महावीर कोदागांव के पास गिर गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। डीकेएस अस्पताल से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक स्वयं के मोटर सायकल से 28 नवंबर को गिरकर घायल हो गया था। गंभीर चोअ आने से उसकी मौत हो गई।

### डूबने से युवक की मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत दाबकट्टा निवासी 18 वर्षीय अर्जून विश्वकर्मा पिता स्व. सरोज का पानी में डूबने से मौत हो गया। दाबकट्टा निवासी रमेश विश्वकर्मा ने पुलिस को बताया कि मृतक दाबकट्टा के तलाब में 14 जनवरी को डूब गया, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

### छग टीचर्स एसोसिएशन ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

**पखांजुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के पखांजुर प्रवास के दौरान शहीद गेंद सिंह भवन के समक्ष छत्तीसगढ़ शासन द्वारा एलबीसंवर्ग के शिक्षकों को प्राचार्य, व्याख्याता, शिक्षक, प्रधान अध्यापक प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के पदों पर पदोन्नति प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर पेंशन लाभ प्रदान करने, एवं अन्य माँगो का ज्ञापन सौंपा गया।

### पालक बालक सम्मेलन का गोलकुम्हड़ा में आयोजन



**चारामा।** शाउमावि गोलकुम्हड़ा में तृतीय पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक अर्धवार्षिक परीक्षा का परिणाम की जानकारी दिया गया। इसके साथ ही बाल विवाह रोकने सभी को शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक भारत जूर्री, सरपंच सुरेश तेता, विद्यालय के जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष किशोर साहु, पंच सारिका राजपूत, अनिता विश्वकर्मा, शेखर साहू, पालक ओम प्रकाश साहू, विद्यालय के प्रचार्य अर्चना साहू, व्याख्याता कावेरी अवस्थी, दीप्ती कावड़ो, शिक्षक एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहें।

### परंपरा, संवेदना और सामाजिक एकता की मिसाल बना आतुरबेड़ा

# आतुरबेड़ा में मूलधर्म में लौटे पर ही किया आदिवासी रीति-रिवाजों से अंतिम संस्कार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

रावघाट थाना क्षेत्र के आतुरबेड़ा में हाल ही में घटित एक घटना ने पूरे क्षेत्र में सामाजिक समरसता, मानवीय संवेदना और आदिवासी परंपराओं की सशक्त मिसाल प्रस्तुत की है। दुःख की घड़ी में जहां अक्सर मतभेद और तनाव की आशंका बनी रहती है, वहीं आतुरबेड़ा गांव में आदिवासी समाज ने एकता, परंपरा और सामाजिक मर्यादा को सर्वोपरि रखते हुए अनुकरणीय कार्य किया। एक धर्मांतरित युवक के निधन के बाद उसके माता-पिता द्वारा अपने मूल आदिवासी धर्म में वापसी और इसके पश्चात पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ ससम्मान अंतिम संस्कार ने पूरे गांव में सौहार्द और भाईचारे का संदेश दिया।

■ दुख की घड़ी में परंपरा बनी सहारा, आदिवासी समाज ने दिखाया भाईचारे और संवेदना का परिचय

जानकारी के अनुसार मृतक युवक का नाम कमलेश नुरेटी था, जो ग्राम आतुरबेड़ा, थाना रावघाट का निवासी था। वह करवे नरेटी का पुत्र था और उसकी उम्र लगभग 32 वर्ष बताई गई है। युवक के आकस्मिक निधन के बाद अंतिम संस्कार को लेकर समाज में विभिन्न प्रकार की चर्चाएं शुरू हो गई थीं। ऐसे समय में जब स्थिति संवेदनशील हो सकती थी, तब मृतक के माता-पिता ने समाज और गांव के समक्ष एक अहम और भावनात्मक निर्णय लिया। मृतक के पिता 60 वर्षीय करवे राम नुरेटी पिता हीरामन नुरेटी एवं माता 9 वर्षीय ⏭ शेष पेज 12 पर

#### पीड़ित परिवार के साथ है समाज

समाज प्रमुखों और वरिष्ठजनों ने कहा कि आदिवासी समाज हमेशा से अपनी संस्कृति, परंपरा और सामाजिक एकता को सर्वोपरि मानता आया है। उन्होंने कहा कि दुख की घड़ी में समाज का दायित्व केवल परंपराओं का पालन करना ही नहीं, बल्कि मानवीय मूल्यों के आधार पर पीड़ित परिवार के साथ खड़े रहना भी है। समाज ने यह सिद्ध कर दिया कि आपसी समझ, संवेदना और एकता से हर स्थिति को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाया जा सकता है।



#### शांति और सौहार्द्र का रहा वातावरण

अंतिम संस्कार के दौरान गांव में पूरी तरह शांति और सौहार्द का वातावरण बना रहा। ग्रामीणों ने इसे समाज की एकता, परंपरा और भाईचारे का प्रतीक बताया। लोगों का कहना था कि यह घटना आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक संदेश है कि सामाजिक मतभेदों से ऊपर उठकर मानवता और संस्कृति को महत्व देना चाहिए। कार्यक्रम के शांतिपूर्ण और गरिमामय आयोजन से क्षेत्र में सामाजिक समरसता का सकारात्मक संदेश गया है। ग्राम आतुरबेड़ा की यह घटना यह दर्शाती है कि जब समाज एकजुट होता है और परंपराओं के साथ मानवीय मूल्यों को अपनाता है, तब कठिन से कठिन परिस्थिति भी सामाजिक सौहार्द में बदल सकती है।

## पीवी 41 धान खरीदी केंद्र में नियमों से खिलवाड़ सीसीटीवी के बावजूद सवालों में घिरी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ पखांजुर



पखांजूर के पीव्ही 41 धान खरीदी केंद्र में पारदर्शिता व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लाखों रुपये की लागत से लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की मौजूदगी के बावजूद यहां नियमों की अनदेखी के गंभीर मामले सामने आए हैं। किसानों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि खरीदी प्रक्रिया में तय मानकों का पालन नहीं किया जा रहा, जिससे पूरी व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित हो रही है।

नियमों के अनुसार किसान द्वारा लाए गए धान को पहले चबूतरे या निर्धारित स्थान पर ढेरी के रूप में खाली किया जाना चाहिए। इसके बाद नमी मापक यंत्र से गुणवत्ता की जांच कर मानक वजन के अनुसार जूट के बोरों में भराई और स्टैकिंग की जानी अनिवार्य है, लेकिन स्थानीय लोगों के अनुसार इस केंद्र पर सीधे ट्रैक्टर-ट्रालियों से ही स्टैक लगाए जा रहे हैं। इससे न तो धान की समुचित जांच हो पा रही है और न ही गुणवत्ता का सही आकलन। जानकारों का कहना है कि इस तरह की प्रक्रिया से अधिक नमी, घटिया गुणवत्ता और वजन संबंधी गड़बड़ियों की आशंका बढ़ जाती है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब सभी गतिविधियां सीसीटीवी कैमरों में रिकॉर्ड हो रही हैं, तो संबंधित अधिकारी और जिला विपणन विभाग समय रहते हस्तक्षेप क्यों नहीं कर रहे। क्षेत्र के किसानों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने मांग किया है कि पीव्ही 41 केंद्र प्रभारी के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए, किए गए स्टैक की रैंडम जांच कराई जाए तथा पिछले एक सप्ताह की सीसीटीवी फुटेज खंगालकर जिम्मेदार लोगों पर कानूनी कार्रवाई हो।

लैंपस प्रबंधक पखांजूर ने कहा कि यदि ट्राली से सीधे स्टैक लगाया जा रहा है, तो यह गंभीर अनियमितता है। मामले की जांच कर संबंधित प्रभारी पर कठोर कदम उठाए जाएंगे।

## भिलाई विधायक देवेंद्र के आगमन से कांग्रेसियों में उत्साह एवं दिखी एकता



हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर

एनएसयूआई के 18 जनवरी को आयोजित रैली में शामिल होने के लिए एक दिन पहले भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव का कांकेर आगमन हुआ। उनके आगमन पर विधायक, कांग्रेस के पदाधिकारी युवक कांग्रेस एवं एनएसयूआई के पदाधिकारियों ने स्वागत किया।

अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए विधायक सावित्री मंडावी ने कहा कि भिलाई नगर के विधायक देवेंद्र यादव जमीनी राजनीति के सशक्त प्रतिनिधि हैं, जो जनहित के मुद्दों को सदन से लेकर सड़क तक पूरी मजबूती के साथ उठाते रहे हैं। उनका अनुभव, संघर्षशीलता और जनसेवा के प्रति समर्पण कांग्रेस संगठन के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सामाजिक न्याय, लोकतंत्र और जनकल्याण के मूल्यों पर आधारित है और ऐसे नेताओं की सक्रिय भूमिका से संगठन और अधिक सशक्त होता है। भिलाई विधायक देवेंद्र यादव ने कांकेर जिले के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि बस्तर संभाग की धरती संघर्ष, बलिदान और समृद्ध संस्कृति की प्रतीक है। यहां के लोगों का अपनापन, संघर्षशीलता और समर्पण उन्हें सदैव प्रेरित करता है। उन्होंने संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने तथा जनता से जुड़े मुद्दों पर एकजुट होकर संघर्ष करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस संगठन की एकजुटता और जोश स्पष्ट रूप से देखने को मिला। नेताओं और कार्यकर्ताओं ने ⏭ शेष पेज 12 पर

## मेडिकल कॉँलेज अस्पताल पार्किंग से बाइक चोरी, किसान ने लगाई गुहार

**कांकेर।** मेडिकल कॉँलेज के कोमलदेव जिला अस्पताल परिसर की पार्किंग में खड़ी किसान की मोटर सायकल की चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा काफी दिनों तक स्वयं स्तर पर खोजबीन करने के बाद अब थाने पहुंचकर अज्ञात चोर के विरुद्ध मामला दर्ज कराया है।

कांकेर थाना में चोरी की शिकायत लेकर पहुंचे विकासखंड कांकेर के ग्राम बागोडार निवासी 50 वर्षीय परमेश्वर पटेल पिता सोनित राम पटेल ने पुलिस को बताया कि खेती-किसानी का काम करता हूं और 4 नवंबर की सुबह अपने रिश्तेदार टिकेश्वर पटेल को देखने के लिए मोटर सायकल में सवार होकर जिला अस्पताल कांकेर पहुंचे थे। सुबह करीबन 11 बजें वाहन क्रमांक सीजी 19 बीएच 1062 को अस्पताल के पार्किंग स्थल में खड़ाकर अस्पताल के भीतर चले गए। करीबन एक घंटा बाद जब वह वापिस लौटा तो जिस स्थान पर मोटर सायकल खड़ी किया था, वहां से मोटर सायकल गायब हो चुकी थी। आसपास ⏭ शेष पेज 12 पर




### 125 दिन के रोजगार मिलने से बदलेगी गांवों की तस्वीर व ग्रामीणों की हालत

# समय पर रोजी एवं ज्यादा रोजगार मिलेगा विकसित भारत मिशन से बदलेगी जिंदगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांकेर



ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने की दिशा में एक और ठोस कदम उठाते हुए विकसित भारत रोजगार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) ने मजदूरों के जीवन में नई उम्मीद जगा दी है। रोजगार के बढ़ते अवसर, समय पर मजदूरी भुगतान और आजीविका संवर्धन से जुड़े नए प्रावधानों ने गांव-गांव में खुशहाली की दस्तक दे दी है। यही कारण है कि इन दिनों कांकेर जिले की ग्राम पंचायतों में कामकाज के साथ-साथ उत्साह, जागरूकता और सहभागिता का अनोखा संगम देखने को मिल रहा है।

जिले के विभिन्न विकासखंडों की ग्राम पंचायतों में संचालित कार्यस्थलों पर योजना के व्यापक प्रचार-प्रसार के तहत ग्रामीणों और मजदूरों को उनके कार्यस्थल पर ही योजना के उद्देश्यों और लाभों की विस्तार से जानकारी दी जा रही है।

इस अवसर पर श्रमिकों ने फूलों की रंग-बिरंगी रंगोलियां सजाकर उत्सव जैसा माहौल बनाया। वहीं, रैली और भव्य मानव श्रृंखला के माध्यम से ग्रामीणों ने इस जनकल्याणकारी पहल के प्रति अपनी एकजुटता और समर्थन का संदेश दिया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हरेश मंडावी ने योजना की नवीन विशेषताओं की जानकारी देते हुए बताया कि अब मिशन के अंतर्गत श्रमिकों को 125 दिनों का सुनिश्चित रोजगार प्रदान किया जाएगा। साथ ही आजीविका संवर्धन से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। मजदूरी भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करते हुए 07 दिवस के भीतर अनिवार्य भुगतान का प्रावधान किया गया है। किसानों के हितों को ध्यान में रखते हुए वर्षा ऋतु के दौरान खेती-किसानी के समय 02 माह तक कार्य बंद रखने की सुविधा भी दी गई है। योजना में किए गए इन सकारात्मक ⏭ शेष पेज 12 पर

# दुर्गूकोंदल में 5 फरवरी को माता पहुचानी, 27 से 2 मार्च तक 4 दिवसीय वार्षिक मेला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल



विकासखंड दुर्गुकोंदल अंतर्गत ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल जो कि ब्लॉक मुख्यालय भी है। आगामी धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। यह बैठक ग्राम गायता मानूराम दुग्गा, ग्राम पटेल लालजीराम दुग्गा, सरपंच शकुंतला नरेटी एवं उपसरपंच तामेश्वरी जैन की उपस्थिति में बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी माता पहुचानी एवं वार्षिक मेला भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा।

बैठक में तय किया गया कि ग्राम में माता पहुचानी का आयोजन 5 फरवरी को किया जाएगा। वहीं वार्षिक मेला चार दिवसीय रहेगा, जो 27 फरवरी से 2 मार्च तक आयोजित होगा। यह मेला न केवल ग्रामवासियों बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लिए भी आस्था, मनोरंजन और सामाजिक मेल-मिलाप का प्रमुख केंद्र होता है। बैठक के दौरान मेले की तैयारियों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। मेला स्थल की साफ-सफाई, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता, विद्युत व्यवस्था, प्रकाश, पार्किंग सुविधा, सुरक्षा व्यवस्था एवं आगंतुकों की सुविधा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श हुआ। ग्राम पंचायत द्वारा यह निर्णय लिया गया कि मेले को सुव्यवस्थित और सुरक्षित बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं समय रहते पूर्ण की जाएंगी। इसके लिए ग्रामवासियों की सहभागिता से अलग-अलग जिम्मेदारियां भी तय की जाएंगी। सरपंच शकुंतला नरेटी ने कहा कि वार्षिक मेला ग्राम की सांस्कृतिक पहचान है और इसे सफल बनाने में सभी ग्रामवासियों का सहयोग आवश्यक है। उपसरपंच तामेश्वरी जैन ने स्वच्छता और अनुशासन बनाए रखने पर विशेष जोर दिया।

ग्राम पटेल एवं वरिष्ठ जनों ने भी मेले को शांतिपूर्ण और सफल आयोजन बनाने के लिए अपने सुझाव रखे। बैठक में वीरसिंह दुग्गा, भूपेंद्र दुग्गा, अशोक जैन, महात्मा दुग्गा, नरेंद्र जैन, जगन्नाथ कोमरा, कृष्ण नागवंशी, मंगिया यादव, दशरथ दुग्गा, अशोक कोमरा, पवन कोमरा सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### पदभार ग्रहण और किसान सम्मेलन आज




**जगदलपुर।** जिला सहकारी केंद्रीय बैंक जगदलपुर के नवनियुक्त अध्यक्ष दिनेश कश्यप और उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा कल 18 जनवरी को पदभार ग्रहण करेंगे। बैंक परिसर के सामने वीर सावरकर भवन में पदभार ग्रहण और किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया है। जहां पूरे संभाग से प्रमुख जनप्रतिनिधि और किसान शामिल होंगे। गौरतलब है कि पूर्व सांसद दिनेश कश्यप पहले भी बैंक के अध्यक्ष रह चुके है। जबकि भाजपा के वरिष्ठ नेता श्रीनिवास मिश्रा संगठन के प्रमुख पदों के साथ साथ किसान मोर्चा के अध्यक्ष और प्रदेश प्रतिनिधि रहे है। लंबे समय तक निस्वार्थ भाव से संगठन का काम कर आम लोगों की सेवा करने के फलस्वरूप उन्हें यह दायित्व सौंपा गया है। वे प्रखर वक्ता भी है। हरिभूमि से चर्चा में उन्होंने कहा कि शासन की रीति नीति और योजनाओं का लाभ किसानों के साथ साथ आम लोगों तक पहुंचाने के लिए काम करेंगे।

### पंडूम के नाम पर संस्कृति का बाजारीकरण बंद करे शासन : लखेश्वर

**जगदलपुर।** इन्द्रावती नदी बचाओ समिति के जिलाध्यक्ष, वरिष्ठ आदिवासी सामाजिक चिंतक एवं पूर्व सैनिक लखेश्वर कश्यप ने शासन द्वारा 'पंडूम उत्सव' के नाम पर किए जा रहे करोड़ों रुपये के खर्च पर तीखा सवाल उठाते हुए इसे बस्तर की आत्मा से छेड़छाड़ करार दिया है। लखेश्वर कश्यप ने कहा कि शासन को स्वयं यह स्पष्ट नहीं है कि वास्तविक पंडूम क्या है,फिर भी इसे एक औपचारिक, मंचीय और प्रचारात्मक आयोजन में बदलकर आदिवासी संस्कृति का विकृतिकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पंडूम बस्तर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है।



दक्षिण बस्तर में इसे पंडूम और मध्य बस्तर सहित अन्य क्षेत्रों में माटी तिहार के नाम से जाना जाता है। यह कोई एक-दो दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति,समाज और देव परंपरा से जुड़ा महीनों चलने वाला सामूहिक अनुष्ठान है, जिसकी शुरुआत चैत्र नवरात्रि से होती है। इसमें महुआ के फूल, आम, आवला और धान की पुटकी माटी देव को अर्पित की जाती है। लोग जंगल जाकर पारदी खेलते हैं और जो भी प्राप्त होता है, उसे माटी देव को चढ़ाकर प्रसाद के रूप में पूरे समाज में बांटा जाता है। कहा कि पंडूम बस्तर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर है। दक्षिण बस्तर में इसे पंडूम और मध्य बस्तर सहित अन्य क्षेत्रों में माटी तिहार के नाम से जाना जाता है। यह कोई एक-दो दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति,समाज और देव परंपरा से जुड़ा महीनों चलने वाला सामूहिक अनुष्ठान है, जिसकी शुरुआत चैत्र नवरात्रि से होती है।

# मानसगान सम्मेलन का हुआ शुभारंभ रामकथा के सुरों से गूंजा छापरपारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बासनवाही




ग्रामीण एकता, आस्था और सांस्कृतिक चेतना का अनुपम संगम उस समय देखने को मिला जब बासनवाही-छापरपारा में छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन का विधिवत शुभारंभ हुआ। प्रभु श्रीराम के आदर्शों से प्रेरित यह आयोजन न केवल धार्मिक भावनाओं को सशक्त कर रहा है, बल्कि नई पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी बन रहा है।

बासनवाही-छापरपारा में ग्रामीणों की एकजुटता और सांस्कृतिक चेतना का परिचय देते हुए छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन का भव्य शुभारंभ किया गया। यह आयोजन निरंतर 12 वें वर्ष आयोजित हो रहा है, जो क्षेत्र की धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक परंपराओं को मजबूती प्रदान कर रहा है। सम्मेलन का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक आशाराम नेताम एवं पूर्व सांसद द्वारा प्रभु श्रीरामचंद्र के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि रामचरितमानस केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाला मार्गदर्शक है। मानस गान के माध्यम से समाज में संस्कार, एकता और भाईचारे की भावना सुदृढ़ होती है तथा नई पीढ़ी अपनी संस्कृति और मूल्यों से जुड़ती है। पूर्व सांसद ने आयोजन समिति एवं ग्रामवासियों की सराहना करते हुए कहा कि लगातार 12 वर्षों से इस प्रकार का आयोजन होना ग्रामीणों की एकजुटता और गहरी आस्था का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि जहाँ रामनाम होता है, वहाँ सुख-समृद्धि का वास होता है और उस क्षेत्र के बच्चे संस्कारवान बनते हैं। त्रिदिवसीय मानस गान सम्मेलन में छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से पधारी 24 मानस मंडलियाँ सुमधुर रामकथा गायन की प्रस्तुति देंगी। आयोजन को लेकर ग्रामीणों और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

कार्यक्रम में हरलाल नेताम, पवन नेताम, सगरदास वैष्णव, पुनीत दास वैष्णव, कनक कश्यप, कर्णकुमार साहू, प्रदीप सार्वा, प्रदीप कुलदीप, भुवन भारती, ईश्वर सिन्हा, फुलसिंग पटेल, वीरेंद्र नेताम, हीरा नेताम, फरफुल नेताम, चंद्रभान साहू, लोकनाथ साहू, लखन साहू, हनुमान प्रसाद पांडे, सियाराम कोसमा, सुरेंद्र पटेल, राकेश साहू, सुखचंद ध्रुव, तुलेश्वर साहू सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता, मानस प्रेमी एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# ब्लाक स्तरीय वातावरण निर्माण प्रशिक्षण का किया आयोजन



**भानुप्रतापपुर।** राज्य परियोजना कार्यालय रायपुर एवं जिला परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा कांकेर के निर्देशानुसार समग्र शिक्षा के समावेशी शिक्षा अंतर्गत प्रारंभिक कक्षा पहेली से 8वीं एवं माध्यमिक स्तर कक्षा 9वी से 12वीं तक के विशेष आवश्यकता वाले बच्चों एवं सामान्य बच्चों का एक दिवसीय विकासखंड स्तरीय वातावरण निर्माण प्रशिक्षण का आयोजन शाउमावि संबलपुर में किया गया।

60 दिव्यांग बच्चों के पालक एवं अभिभावको का भी विद्यालय परिसर में ही गैप आइडेंटिफिकेशन आऊट ऑफ स्कूल से संबंधित प्रशिक्षण का आयोजन करते हुए पालकों को दियांग बच्चों के समस्याओं ० उनके समाधान के बारे बताया गया। प्रशिक्षण में प्रारंभिक स्तर के 80 दिव्यांग बच्चे एवं 80 सामान्य बच्चे एवं माध्यमिक स्तर के 20 दिव्यांग एवं 20 सामान्य बच्चे शामिल हुए। प्रशिक्षण में दिव्यांगता के विभिन्न प्रकारों के संबंध में जानकारी देते हुए बच्चों के बीच संवेदन शीलता का विकास करना, जिससे वे दिव्यांग बच्चों की भावनाओं और आवश्यकताओं को समझ सके। दिव्यांग बच्चों के अधिकारों और आवश्यकताओं के बारे में जानकारी। समावेशी वातावरण निर्मित करने के लिए सहपाठी समूह का निर्माण करना। सांकेतिक भाषा व ब्रेल की सामान्य जानकारी दिया गया।

प्रशिक्षण में विकासखंड शिक्षा अधिकारी क्षमा सोनल मेडम, विकासखंड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नुरुती, समावेशी शिक्षा प्रभारी विनोद राजपूत, बीआरपी दीपक सोनवानी, शैलेन्द्र साहू, पुष्पलता टंडन, प्रिया विश्वकर्मा स्पेशल एजुकेटर, शिक्षक एवं पालकों के उपस्थिति में कार्यशाला संपन्न कराया गया।

# देर रात नाबालिग लड़के से मारपीटकर दी जान से मारने की धमकी से गांव में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



कर्रामाड़में देर रात दुकान से घर लौट रहे एक नाबालिग पर अचानक कहर टूट पड़ा। मामूली विरोध पर एक युवक ने न सिर्फ गाली-गलौज की, बल्कि गला दबाकर जमीन पर घसीटा, मुक्कों से पीटा और जान से मारने की धमकी तक दे डाली। घटना से गांव में दहशत फैल गई, जबकि पीड़ित भय और मानसिक तनाव में है। पुलिस ने मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पीड़ित नाबालिग ने दुर्गुकोंदल पुलिस को बताया कि 16 जनवरी की रात करीब साढ़े 11 बजे वह अपने बड़े भाई की दुकान से खाना खाकर हाथ धोने के बाद दुकान से कर्रामाड़ की ओर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम सुखई निवासी विसकांत दुग्गा वहां पहुंचा और वाहन का लगातार हार्न बजाने लगा। हार्न बजाने से मना करने पर आरोपी आग-बबूला हो गया और गाली-गलौज करते हुए अपशब्द कहने लगा। आरोप है कि इसके बाद आरोपी ने नाबालिग का गला दबाया और उसे घसीटते हुए जमीन पर पटक दिया। आरोपी ने मुक्कों से ताबड़तोड़ हमला किया, जिससे पीड़ित की नाक और दाहिनी कुहनी में चोट आई, वहीं दाहिने घुटने और पैर में तेज दर्द की शिकायत है। मारपीट के दौरान आरोपी ने जान से मारने की धमकी भी दी, जिससे पीड़ित बुरी तरह डर गया। घटना के समय हो रहे विवाद और चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कर नाबालिग को आरोपी के चंगुल से छुड़ाया। पीड़ित ने पुलिस को बताया कि इस घटना के बाद से वह भयभीत है और मानसिक रूप से भी परेशान चल रहा है।

पुलिस ने आरोपी विसकांत दुग्गा के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (3) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद गांव में आक्रोश और चर्चा का माहौल बना हुआ है।



## पालनार की टीम 3 ओवर में ही 33 रन बनाकर मैच जीता

**दंतेवाड़ा।** दन्तेवाड़ा में अमर शहीदों की स्मृति में पुलिस द्वारा सामुदायिक पुलिसिंग के तहत शहीद हुये जवानों की स्मृति में शौर्य स्मृति क्रिकेट लीग का तीसरा दिन है।

इस दौरान मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष दंतेवाड़ा नंदलाल मुड़ामी, 2 आईसी विवेक कुमार सिंह सीआरपीएफ, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामकुमार बर्मन , अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जितेंद्र खूंटे के गरिमामय उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के दौरान नगर उप पुलिस अधीक्षक नसरूल्ला सिद्दकी, उप पुलिस अधीक्षक राहुल कुमार उइके , उप पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुंभकार, रक्षित निरीक्षक- सुशील नौटियाल, सिटी कोतवाली निरीक्षक धनंजय सिन्हा, निरीक्षक ताती मुकेश डीआरजी और बड़ी संख्या में खिलाडी, क्रिकेट प्रेमी व आम नागरिक मौजूद रहे।

टूर्नामेंट के तीसरे दिन का प्रथम मैच कटेकल्याण ए एवं पालनार के मध्य खेला गया जिसमें पालनार ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला लिया। कटेकल्याण द्वारा 32 रन का लक्ष्य दिया गया, पालनार की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 3 ओवर में ही 33 रन बनाकर मैच को जीत गए, इस मैच के मेन ऑफ़ द मैच राहुल वेट्टी रहे जिन्होंने 24 रन बनाये व 2 विकेट लिए।

# बस्तर पंडुम में ब्लाक की प्रतिभाओं को प्रदर्शन करने का मिला मौका



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

ग्राम पंचायत पुरी में जनपद स्तरीय बस्तर पंडूम बस्तर का उत्सव का शुभारंभ ग्राम के गायता पुजारी, पटेल सरपंच, आदिवासी समाज प्रमुखों तथा जनपद पंचायत के अधिकारी कर्मचारी द्वारा ग्राम के शीतला माता को जनजातीय रीति रिवाज व विधि- विधान पूर्वक आमंत्रित कर कार्यक्रम स्थल पर पूजा अर्चना सहित स्थापित करके कार्यक्रम शुभारंभ हुआ।

जनपद पंचायत के सीईओ ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन संस्कृति विभाग द्वारा बस्तर के स्थानीय कला एवं संस्कृति परंपरा लोककला, शिल्प, तीज- त्यौहार, खानपान, बोली -भाषा, रीति-रिवाज, वेशभूषा, आभूषण, वाद्ायह यंत्र, पारंपरिक नृत्य, गीत-संगीत, नाट्य, व्यंजन पेय पदार्थों आंचलिक साहित्य, वन औषधि के मूल स्वरूप के संरक्षण, संवर्धन एवं कला समूहों के सतत विकास तथा जनजातीय कलाकारों को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करना है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता 28 जनवरी तथा संभाग स्तरीय प्रतियोगिता 2 से 6 फरवरी के मध्य आयोजित होगा। जनजातीय नृत्य में अवध केमरो ग्राम साल्हे टोला, जनजातीय गीत में गोविंद भेड़िया ग्राम पुरी, जनजाति वाद्य यंत्रों का प्रदर्शन में योगेंद्र बढाई ग्राम जैसाकर्रा, जनजाति वेशभूषा का प्रदर्शन में देवेन्द्र बढाई ग्राम जैसाकर्रा, जनजातीय आभूषण धनंजय बढाई, जनजातीय शिल्प में संजय कुमार, जनजातीय चित्रकला में विकास ठाकुर, जनजातीय पर पदार्थ में सुनीता मांडवी पंडरीपानी, जनजातीय व्यंजन प्रदर्शन में माहेश्वरी कमेटी पंडरीपानी, बस्तर वन औषधि का प्रदर्शन में मथुरा कांगे, एवं मुकेश्वरी सहित विजेता एवं उसके टीम को 10 हजार रूपएं का प्रोत्साहन राशि, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में एसडीएम नरेंद्र कुमार बंजारे, तहसीलदार सत्येन्द्र शुक्ला, विजय ठाकुर, गौतम कुंजाम, प्रताप सलाम, महावीर उसेंडी , किशोर नेताम सहित समाज प्रमुख, सामाजिक कार्यकर्ता, गायता, पुजारी एवं अधिकारी कर्मचारी सहित कहाडगोंदी, मरकाटोला, मयाना, पुरी, रामपुर, भोथा, किशनपुरी के ग्रामीणों का विशाल जन समुदाय उपस्थित रहा।

# फिरंगीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए किया भूमि पूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना



नरहरपुर विकासखंड ग्राम पंचायत देवगांव के अंतर्गत फिरंगीपारा में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए विधिवत भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम ग्राम पंचायत देवगांव की सरपंच निर्मला शोरी की मौजूदगी में तथा ग्राम पंचायत देवगांव फिरंगीपारा के गायता तुलसी राम मंडावी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम को लेकर गांव में उत्साह का माहौल देखने को मिला, जिसमें ग्रामीणों ने भाग लिया।

कार्यक्रम के दौरान सरपंच निर्मला शोरी ने शासन-प्रशासन की सराहना करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन के निर्माण से ग्रामवासियों को निश्चित रूप से अनेक प्रकार के लाभ मिलेंगे। उन्होंने कहा कि इस भवन के बनने से गांव में सामाजिक, सांस्कृतिक एवं अन्य सामुदायिक कार्यक्रमों के आयोजन में सुविधा होगी, जिससे ग्रामीणों को एक सशक्त मंच मिलेगा। उन्होंने शासन की इस पहल को गांव के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में उपस्थित उपसरपंच सन्तोष मंडावी ने भी वर्तमान सरकार की प्रशंसा करते हुए कहा कि सामुदायिक भवन गांव की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर दिया गया एक उपयोगी संसाधन है। उन्होंने कहा कि इसके माध्यम से ग्राम स्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुचारू रूप से किया जा सकेगा और गांव का समग्र विकास निरंतर आगे बढ़ता रहेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के वार्ड पंच ऋषिकेश नेताम, रविंद्र शोरी, उमेश्वरी सलाम, लता साहू, शशिकला नेताम, बुधियारिन शोरी सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा गांव के प्रमुख सियान बिरजू राम कुंजन, खमन मंडावी, लक्ष्मण मंडावी, गणेश राम नेताम, तेजाराम मंडावी, गैंदराम शोरी तथा बड़ी संख्या में समस्त ग्रामवासी कार्यक्रम में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में ग्रामीणों ने सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर खुशी जाहिर की और शासन-प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों का कहना है कि यह भवन भविष्य में गांव की सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ-साथ विकास कार्यों में भी सहायक सिद्ध होगा।

## खस्ताहाल सड़क में चलना कठिन, कंगोली सड़क मरम्मत व जीर्णोद्वार पर आयुक्त को ज्ञापन



**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के मार्गदर्शन में उत्तर ब्लॉक अध्यक्ष बलराम यादव के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकतार्ओं ने एलआईसी रोड कंगोली में सड़क मरम्मत व उसके जीर्णोद्वार को लेकर निगम आयुक्त को ज्ञापन सौंपा। ब्लॉक अध्यक्ष ने बताया कि एलआईसी रोड काफी समय से खराब है। बावजूद अब तक सड़क की सुध नहीं ली जा रही है। आए दिन लोगों की परेशानीयां बढ़ती जा रही है। सड़कें खराब होने से दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है धुल से लोग परेशान हैं । इसके बावजूद नगर निगम अब तक सड़क का डामरीकरण नही कर रहा है। सड़क को तत्काल मरम्मत एवं जीर्णोद्वार किया जाये अन्यथा कांग्रेस इस विषय को लेकर धरना प्रदर्शन करने बाध्य होगी। इस दौरान महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, पार्षद सुशीला बघेल, अनुराग महतो, एस नीला, रजत जोशी, मुकेश निषाद, अजय पांडे, मौजूद रहे।

## पेज 11 के शेष

### आतुरबेड़ा में मूलधर्म...

मेहती बाई पति करवे राम नुरेटी ने सामाजिक प्रमुखों, वरिष्ठजनों और ग्रामीणों की उपस्थिति में अपने मूल आदिवासी धर्म में पुनः वापसी की घोषणा किया और इस प्रक्रिया को समाज की परंपरागत विधि-विधान के अनुसार सम्पन्न कराई गई। धर्म वापसी की इस प्रक्रिया में समाज के बुजुर्गों ने विधिवत रस्में निभाईं और पूरे वातावरण में गंभीरता, शांति और भावनात्मक संवेदना देखने को मिली। मूल धर्म में वापसी के पश्चात आदिवासी समाज द्वारा मृतक कमलेश नुरेटी का अंतिम संस्कार पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ ससम्मान किया गया। समाज के लोगों ने पूर्ण सामाजिक मर्यादा का पालन करते हुए अंतिम संस्कार की सभी परंपराओं को निभाया। इस दौरान किसी भी प्रकार का विवाद या अशांति नहीं हुई, बल्कि पूरा गांव एकजुट होकर शोकाकुल परिवार के साथ खड़ा नजर आया।

### भिलाई विधायक देवेंद्र...

आपसी समन्वय से आगामी राजनीतिक चुनौतियों का सामना करने और जनता की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ उठाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी कांकेर के अध्यक्ष बसंत यादव, पूर्व गौ सेवा आयोग सदस्य नरेंद्र यादव, पंकज वाधवानी, युवक कांग्रेस के अध्यक्ष राजू दुबे, एनएसयूआई अध्यक्ष सुमित राय, अमन गायकवाड़, उदय बंटी शर्मा, सुरेश नाग, चारामा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष हिरवेंद साहू, भानुप्रतापपुर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनील बबला पाढ़ी, जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल के अध्यक्ष गोपी बढ़ाई, दुर्गुकोंदल ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष धनेश नरेटी, सुनाराम तेता सहित अनेक वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मेडिकल कॉलेज अस्पताल...

काफी देर तक खोजबीन करने के बावजूद मोटर सायकल का कोई सुराग नहीं मिला। चोरी हुई वाहन कि अनुमानित कीमत लगभग 25 हजार रुपएं है। पीड़ित अपने रिश्तेदारों के साथ मिलकर आसपास के इलाकों, संभावित स्थानों और परिचितों से पूछताछ कर वाहन की तलाश करता रहा, लेकिन कोई जानकारी प्राप्त नहीं हो सकी। लगातार प्रयासों के बावजूद मोटर सायकल का पता नहीं चलने पर पीड़ित ने 17 जनवरी को थाना कांकेर पहुंचकर अज्ञात चोर के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अज्ञात आरोपी के खिलाफ 303 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच, संदिग्धों से पूछताछ और वाहन चोरी गिरोह के संभावित नेटवर्क की पड़ताल की जा रही है।

### समय पर रोजी एवं...

बदलावों का असर साफ दिखाई दे रहा है। मजदूरों के चेहरों पर मुस्कान है, गांवों में विश्वास का माहौल है और रोजगार के नए आयाम ग्रामीण भारत को सशक्त भविष्य की ओर ले जाएंगे।

**जिले की ग्राम पंचायतों को तीन वर्ग में बांटा जाएगा :** जिला पंचपायत सीईओ ने आगे बताया कि ग्राम पंचायतों को मापदंडों के अनुसार ए, बी और सी श्रेणी में वर्गीकृत किया जाएगा। प्राकृतिक आपदाओं या असाधारण परिस्थितियों से निपटने के लिए विशेष कार्ययोजना तैयार की गई है, ताकि 2047 तक विकसित ग्राम पंचायत के लक्ष्य को साकार किया जा सके। इसके अंतर्गत अकुशल श्रमिकों को विशेष प्रशिक्षण देकर उन्हें आजीविका से जोड़ा जाएगा, जिससे उनके कौशल विकास में निरंतर वृद्धि हो सके। पारदर्शिता और जवाबदेही को और मजबूत करने के लिए योजना में बायोमीट्रिक प्रमाणीकरण, स्पेटियल टेक्नोलॉजी आधारित आयोजना, मोबाइल एवं डैशबोर्ड आधारित निगरानी तथा साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण जैसी आधुनिक व्यवस्थाएं लागू की जा रही हैं।

**खबर संक्षेप**

## टोकन के बाद भी तहसीलदार पटवारी कर रहे जांच



**घाटलोहंगा।** एक तरफ बस्तर पंडूम जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। वहीं दूसरी ओर किसान आर्थिक संकट और मानसिक प्रताड़ना झेल रहा है। डबल इंजन सरकार का असली मकसद क्या है, यह किसान और आम जनता की समझ से परे है। इसी मुद्दे को लेकर बस्तर जनपद सदस्य हेमराज बघेल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर धान खरीदी को लेकर किसानों के समक्ष उत्पन्न गंभीर समस्याओं पर शासन–प्रशासन की कार्यप्रणाली पर तीखे सवाल खड़े किए हैं। वर्तमान में किसानों का धान बेचने हेतु टोकन पहले ही कट चुका है, इसके बावजूद पटवारी और नायब तहसीलदार किसानों के घर–घर जाकर धान के साथ फोटो खींच रहे हैं। यह प्रक्रिया न केवल अनावश्यक है, बल्कि किसानों के लिए मानसिक प्रताड़ना का कारण भी बन रही है। इससे ऐसा प्रतीत होता है मानो भाजपा शासन और प्रशासन किसानों को चोर की नजर से देख रहा हो, जो अत्यंत निंदनीय है। उन्होंने कहा कि किसान अपनी मेहनत, पसीने और लगन से फसल उगाता है। दिन–रात खेतों में परिश्रम करने के बाद जब उसकी धान की फसल तैयार होती है, तब उसे इस तरह की संदेहपूर्ण जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। किसानों को बार–बार यह साबित करने के लिए मजबूर किया जा रहा है कि उनका धान वैध है, जबकि वे स्वयं उस धान के उत्पादक हैं।

## मॉडल जीपीडीपी का हुआ प्रशिक्षण

**दंतेवाड़ा।** जनपद पंचायत कुआकोंडा में जिला प्रशासन के सहयोग से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत ग्राम पंचायत विकास योजना पर आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण वर्ष 2025-26 की पंचायत विकास योजनाओं के प्रभावी निर्माण और क्रियान्वयन को ध्यान में रखते हुए आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के फ्रंटलाइन कार्यकर्ताओं, सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, शिक्षक एवं पीएचई मैकेनिक की उपस्थिति रही। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य ग्राम पंचायत स्तर पर योजनाओं की गुणवत्ता में सुधार लाना और समन्वित विकास की अवधारणा को मजबूत करना रहा।

# वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन ने सुदृढ़ किया संगठनात्मक ढांचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ बीजापुर में हुई बैठक, जिला स्तर पर नई नियुक्तियाँ सर्वसम्मति से घोषित



वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की प्रेरणा से संचालित संगठनों के परिवार का हिस्सा है, ने संगठन को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया। वनवासी परिवारों के कल्याण एवं सांस्कृतिक उत्थान को समर्पित इस फाउंडेशन की अहम बैठक पारस ट्रेडर्स के प्रांगण में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष दिलीप लुकड ने की।

बैठक में सर्वसम्मति से जिला स्तर पर नई नियुक्तियाँ की गईं।

श्रीनिवास रेड्डी को जिला अध्यक्ष, पुरुषोत्तम शाह को जिला महामंत्री तथा चंद्रशेखर रेड्डी को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक का संचालन प्रदेश प्रांत संयोजक हेमलाल सारवा एवं प्रदेश महामंत्री सजन दीवान के मार्गदर्शन में हुआ। नियुक्तियों के पश्चात सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

### संगठन का उद्देश्य और भूमिका

वनवासी रक्षा परिवार फाउंडेशन, आरएसएस से संबद्ध अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम जैसी संस्थाओं के साथ समन्वय कर कार्य करता है। संगठन का प्रमुख उद्देश्य वनवासी समाज का शैक्षिक व सामाजिक उत्थान, स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, सनातन परंपराओं एवं सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण तथा स्थानीय नेतृत्व का विकास करना है। यह बैठक न केवल संगठनात्मक मजबूती का प्रतीक बनी, बल्कि वनवासी परिवारों के कल्याण और उनकी परंपराओं की रक्षा के प्रति फाउंडेशन की प्रतिबद्धता को भी पुनः रेखांकित करती हैं।

उपस्थित प्रबुद्धजनों हेमलाल सारवा, संजय लुकड, गौतम राव, अशोक लुकड, सुमित राव एवं अर्जुन वेकको ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद मिठाई वितरण के साथ बैठक का समापन हुआ।

### वाहनों की जांच करने परिवहन विभाग ने टोल प्लाजा पर लगाया ई-डिटेक्शन सिस्टम

# टोल प्लाजा से निकलते ही वाहन मालिकों को मोबाइल में मिल रहा ई-चालान का मैसेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

■ टोल प्लाजा में फास्टैग स्कैन करते ही वाहनों के बीमा, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, फिटनेस की हो रही जांच




अब वाहन के दस्तावेज जैसे कि इंश्योरेंस, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, रजिस्ट्रेशन या ड्राइविंग लाइसेंस में कोई भी कमी पाई जाती है तो टोल प्लाजा से निकलते ही चालान कट रहा है। सरकार ने हाईटेक ऑटोमेटेड सिस्टम लागू किया है, जो फास्टैग स्कैन करते ही वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से जुड़े दस्तावेजों को डिजिटल रूप से चेक करता है। बताया जा रहा है कि केन्द्र सरकार ने वाहनों के बीमा, पॉल्यूशन सर्टिफिकेट (पीयूसी) एवं फिटनेस की अवधि समाप्त होने की जांच करने के लिए टोल प्लाजा पर ही ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाने का कार्य शुरू किया है।

पहले चरण में हाईवे के टोल प्लाजा पर ई-डिटेक्शन सिस्टम लगाया गया है। इसके बाद स्टेट हाईवे के टोल प्लाजा पर इस सिस्टम लगाने का कार्य शुरू किया गया है। इस तंत्र को सीधे परिवहन विभाग के सर्वर से जोड़ दिया गया है। अब राजमार्ग पर तो वाहन को कोई नहीं रोकेगा लेकिन गाड़ी का बीमा खत्म है, पीयूसी नहीं है या फिटनेस फेल है तो टोल से गुजरते ही वाहन का चालान अपने आप कटेगा और मोबाइल पर संदेश आ रहा है। इसकी जानकारी परिवहन विभाग रायपुर के सहायक आयुक्त सीएल देवांगन ने दी है।

**अलग खबर**

### ग्रामीण क्षेत्र में भी लगे कैमरे

बताया जा रहा है कि परिवहन विभाग के मुख्यालय की ओर से बस्तर जिले में लगभग आधा दर्जन कैमरे ग्रामीण क्षेत्र में भी लगाए गए और परिवहन विभाग से जोड़ा गया। उस रोड में आने-जाने वाले वाहनों को डिटेक्शन कर रहे हैं। विभाग के उड़नदस्ता प्रभारी निरीक्षक पुष्पेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि वाहनों की जांच के लिए बोरपदर, राजनगर, छेपड़ागुड़ा एवं बकावंड में कैमरे लगाए हैं, जो मुख्यालय से जुड़े हैं।

### शिकायतों को भेजा मुख्यालय

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि वाहन मालिकों द्वारा दिए गए शिकायतों को परिवहन विभाग के मुख्यालय भेज दिया गया है। इसका निराकरण मुख्यालय से ही होगा।

### कागजात वैध फिर भी कटा ई-चालान

बताया जा रहा है कि वाहन के सभी दस्तावेजों जैसे प्रदूषण, बीमा और फिटनेस के टोल प्लाजा पर लगे कैमरे अब इन्हें चेक कर रहे हैं, वाहनों के सभी कागजात वैद्य होने के बावजूद टोल प्लाजा से मोबाइल में ई-चालान कटने का मैसेज भेज रहे हैं। बस्तर के टोल प्लाजा से वाहन मालिकों को गलत ई-चालान मिलने की शिकायतें आ रही हैं, जिसमें 10 मालिकों ने जगदलपुर आरटीओ में शिकायत दर्ज कराई है। वाहनों के सभी कागजात वैद्य होने के बावजूद ई-चालान कटे हैं, जिससे वाहन मालिकों में असंतोष है।

# पंडूम धार्मिक अनुष्ठान, इसे सांस्कृतिक आयोजन का रूप देना अनुचित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

■ बस्तर पंडूम शब्द के प्रयोग पर आदिवासी समाज की कड़ी आपत्ति

अनुसूचित क्षेत्र बस्तर में बस्तर पंडूम नाम से आयोजित किए जा रहे शासकीय एवं सार्वजनिक आयोजनों को लेकर आदिवासी समाज ने गहरी आपत्ति दर्ज कराई है। सर्व आदिवासी समाज, जिला बीजापुर के अध्यक्ष जग्गूराम तेलामी ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं राज्यपाल के नाम एक आपत्ति ज्ञापन समाज के प्रतिनिधियों ने जिले के कलेक्टर संबित मिश्रा और जिला पंचायत सीईओ नम्रता चौबे को सौंपा है।

जग्गूराम तेलामी ने बताया कि पंडूम कोई उत्सव, प्रदर्शन या प्रचारात्मक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आदिवासी समाज की पेन परंपरा से जुड़ा एक पवित्र धार्मिक अनुष्ठान है। इसे मंचीय कार्यक्रम या सरकारी आयोजन के रूप में प्रस्तुत करना आदिवासी आस्था और परंपरा का सीधा अपमान है। समाज की ओर से स्पष्ट किया गया कि पंडूम में बुढ़ाल पेन, सज़ोर पेन, डांड राव पेन, गांव गोसिन सहित अन्य पेन (देवताओं) की विधिवत पूजा की जाती है, जिसमें परंपरागत पुजारी, सिरहा, गायता द्वारा प्राकृतिक फल, फूल, अनाज एवं वनोपज अर्पित किए जाते हैं। यह अनुष्ठान निश्चित स्थान, समय, तिथि, परंपरागत व्यक्ति एवं विधि-विधान के अनुसार सम्पन्न होता है। इन शर्तों के बिना किसी भी आयोजन को पंडूम कहना परंपरा का विकृतिकरण बताया गया है।

ज्ञापन में कहा गया है कि इस प्रकार पंडूम शब्द का शासकीय उपयोग संविधान के अनुच्छेद 244, 29, 13 एवं पेसा पेसा अधिनियम 1996 की भावना के विरुद्ध है, क्योंकि इन प्रावधानों के तहत आदिवासी समाज को अपनी भाषा, संस्कृति और परंपरा की रक्षा का अधिकार प्राप्त है। सर्व आदिवासी समाज ने शासन से मांग की है कि बस्तर पंडूम शब्द का प्रयोग सभी शासकीय आयोजनों में तत्काल बंद किया जाए। सभी दस्तावेजों, प्रचार सामग्री एवं मंचीय कार्यक्रमों से यह शब्द हटाया जाए।भविष्य में किसी भी आदिवासी परंपरागत शब्द के उपयोग से पूर्व ग्राम सभा एवं धार्मिक पदधारियों की सहमति अनिवार्य की जाए। अनुसूचित क्षेत्रों में सांस्कृतिक आयोजनों हेतु पेसा के अनुरूप स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएँ।

ज्ञापन के अंत में समाज ने स्पष्ट किया कि यह विरोध किसी व्यक्ति या आयोजन के विरुद्ध नहीं, बल्कि आदिवासी धार्मिक आस्था, संस्कृति और संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए है। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान पांडुराम तेलाम, श्रवण सैंड्रा, लक्ष्मण कड़ती, प्रवीण उईका, सतीश मंडावी सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी मौजूद थे।

# योग के महत्व व दैनिक जीवन में उपयोग को बताया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

■ जिला स्तरीय पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण संपन्न




छत्तीसगढ़ राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद शंकर नगर रायपुर के आदेशानुसार एवं राज्य से ज्ञान प्रकाश द्विवेदी के निर्देशन और डाइट प्राचार्य वेंकट रमन के मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में बीजापुर जिले के चारों विकासखंड के प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई स्कूल, हायर सेकेंडरी स्कूल के सहायक शिक्षक, शिक्षक एवं व्याख्याताओं का जिला स्तरीय पांच दिवसीय, आवासीय योग प्रशिक्षण एससीईआरटी द्वारा प्रशिक्षित डीआरजी के माध्यम से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डाइट बीजापुर में 12 जनवरी से 16 जनवरी 2026 तक डाइट फेकल्टी एवं विकासखंडों से आए बीआरजीएस की उपस्थिति में पूजा अर्चना एवं सरस्वती वंदना के साथ शुभारंभ होते हुए संपन्न हुआ।

जिले के सभी विकासखंड से चयनित योग प्रशिक्षार्थियों का डीआरजीएस के माध्यम से राज्य से प्रदाय समय सारणी अनुसार प्रतिदिन प्रातः कालीन योग अभ्यास करते हुए, दिवसवार योग का परिचय एवं महत्व, सावधानियां, योग को प्रभावी बनाने के उपाय, विद्यार्थी जीवन में खेलों का महत्व, अष्टांग योग, षट्कर्म, प्राणायाम, योग मुद्राएं, बंध, योग द्वारा विद्यार्थी में व्यक्तित्व का विकास, योग एवं तनाव प्रबंधन, स्वास्थ्य के विकास में योग की भूमिका, सूर्य नमस्कार का महत्व, नैतिक परक शिक्षा का विद्यार्थी जीवन में महत्व, मद्यपान एवं नशीले पदार्थों से बचाव का उपाय, रोग प्रतिरोधक शक्ति का विकास हेतु उपयोगी योगासन, सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन का महत्व, योग द्वारा प्राथमिक उपचार, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता, यातायात के सामान्य नियम, अनुभव कथन इत्यादि विषयों पर विस्तार से चर्चा परिचर्चा करते हुए समझ विकसित किया गया।

समय सारणी अनुसार प्रतिभागियों द्वारा विकासखंडवार सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। शिक्षकों द्वारा अलग-अलग कार्यक्रम जैसे - नाटक, गीत, नृत्य आदि के माध्यम से योग शिक्षा के महत्व को बताया गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस डाइट प्राचार्य ने सभी प्रतिभागियों से चर्चा परिचर्चा करते हुए, योग के महत्व एवं दैनिक जीवन में उपयोग के बारे में विस्तार से बताया और योग शिक्षा को विद्यालय में बेहतर रूप से संचालित करने का अनुरोध किया। योग मास्टर ट्रेनर्स जरासन सोनवानी, बल्लू राम नेताम, गणेश सोढ़ी एवं अंबेलता मिंज द्वारा सभी योगासनों की जानकारी प्रयोगिक एवं सैद्धांतिक रूप से देते हुए कुशलता पूर्वक योग करने एवं शालाओं में करवाने हेतु प्रेरित किया। प्री टेस्ट एवं पोस्ट टेस्ट का आयोजन भी हुआ।

प्राचार्य द्वारा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया। तत्पश्चात सभी की उपस्थिति में फोटो सेशन के साथ योग प्रशिक्षण का समापन हुआ।

## विनायक गोयल के प्रयासों से चित्रकोट विधानसभा में विकास की गति हुई तेज



**लोहंडीगुड़ा।** चित्रकोट विधानसभा में 122 करोड़ के सड़कों की सौगात देने के लिए विधायक विनायक गोयल को लोहंडीगुड़ा भाजपा मंडल महामंत्री सावेंन्द्र सेठिया ने धन्यवाद दिया है। उन्होंने कहा कि विनायक गोयल के प्रयासों से चित्रकोट विधानसभा में विकास की गति तेज हुई है। उन्होंने कहा कि 122 करोड़ के सड़कों की सौगात मिलने से क्षेत्र के लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी और व्यापार-व्यवसाय में भी वृद्धि होगी। सेठिया ने कहा कि विनायक गोयल ने हमेशा क्षेत्र के विकास के लिए काम किया है और उनकी इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़कें न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है। उन्होंने आगे कहा कि विनायक गोयल के नेतृत्व में चित्रकोट विधानसभा में विकास की नई ऊंचाइयों को प्राप्त किया जाएगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने हमेशा विनायक गोयल का समर्थन किया है और आगे भी करते रहेंगे। इस अवसर पर सेठिया ने विधायक को धन्यवाद देते हुए कहा कि उनकी इस पहल से क्षेत्र के लोगों का जीवन आसान होगा और विकास की गति तेज होगी। उन्होंने कहा कि विधायक की इस पहल से क्षेत्र के लोगों को बहुत लाभ होगा और उनका जीवन आसान होगा। उन्होंने कहा कि यह सड़कें न केवल क्षेत्र के लोगों के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है।

# कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर कई लोगों ने थामा हाथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घाटलोहंगा/भोंड

■ मनरेगा बचाओ संग्राम मोहलई में करपावंड मंडल की बैठक



मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत आज बस्तर विधानसभा क्षेत्र के अंतिम छोर स्थित ग्राम मोहलई में करपावंड मंडल के अंतर्गत आने वाले समस्त सेक्टरों की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई बैठक में मनरेगा योजना की वर्तमान स्थिति, मजदूरों को मिल रहे रोजगार, मजदूरी भुगतान, कार्यों की पारदर्शिता एवं केंद्र सरकार की कथित उदासीनता जैसे विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। इस अवसर पर मुख्य रूप से बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल एवं बस्तर ग्रामीण जिला कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ मंडल अध्यक्ष, सेक्टर अध्यक्ष, बूथ अध्यक्ष, जनप्रतिनिधिगण तथा बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे। बैठक के दौरान वक्ताओं ने कहा कि मनरेगा गरीब, मजदूर और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, लेकिन भाजपा सरकार की नीतियों के कारण यह योजना लगातार कमजोर की जा रही है।

विधायक लखेश्वर बघेल ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से मजदूरों, किसानों और वंचित वर्गों के अधिकारों की लड़ाई लड़ती रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव जाकर मनरेगा से जुड़ी समस्याओं को सामने लाएं और मजदूरों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संगठित होकर संघर्ष करें।

कार्यक्रम के पश्चात एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम देखने को मिला, जब भाजपा से जुड़े कई लोगों ने विधायक के समक्ष कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की कांग्रेस की विचारधारा, जनकल्याणकारी नीतियों और जनसंघर्षों से प्रभावित होकर इन लोगों ने कांग्रेस में विश्वास जताया। विधायक ने सभी नवप्रवेशी साथियों का स्वागत करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं तथा पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराया उन्होंने सभी से पार्टी हित में ईमानदारी और निष्ठा के साथ कार्य करने का आह्वान किया। इस अवसर पर उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने तथा मनरेगा बचाओ संग्राम को जनआंदोलन बनाने का संकल्प लिया।

इस दौरान मौजूद रहे बस्तर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रेमशंकर शुक्ला, मानसिंग क़वाशी, हेमंत कश्यप,गोपाल कश्यप, सोनाधर कश्यप, बद्रीनाथ जोशी, उत्तम नाइक, गणेश भारती, गणपत नेताम, अमर सिंह बघेल, कुंती बघेल, धनुर्जय बघेल, तुलसीराम ठाकुर, हेमकुमार कश्यप एवं समस्त कार्यकर्त्तागण ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## महाराष्ट्र में मोदी मैजिक की प्रामाणिकता सिद्ध : देव



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने महाराष्ट्र के स्थानीय निकायों के चुनाव नतीजों पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि ये नतीजे महाराष्ट्र में मोदी मैजिक की प्रामाणिकता सिद्ध कर रहे हैं। निकाय चुनावों में भाजपानीत महायुति की शानदार जीत को देव ने महाराष्ट्र के सुशासन मॉडल की ऐतिहासिक जीत बताया और कहा कि सुशासन, विकास और सौहार्द्रता पर महाराष्ट्र की नगरीय व शहरी जनता ने अपनी मुहर लगाई है, डबल इंजन की सरकार पर उसने विश्वास व्यक्त किया है, सरकार के द्वारा किए गए विकास पर विश्वास किया है। उल्लेखनीय है कि महाराष्ट्र की 29 महानगरपालिकाओं में से भाजपानीत महायुति ने 25 पर अपना परचम लहरा दिया है और बीएमसी में भी वह बम्पर जीत की ओर बढ़ रही है। देव ने कहा कि महाराष्ट्र के ये चुनाव नतीजे ऐतिहासिक हैं। प्रदेश सरकार के नेतृत्व में महायुति के निर्वाचित प्रतिनिधि एक-एक शहर में परिवर्तन लाएंगे। जनता जनार्दन ने सारे प्रकार के हथकण्डों को धता बताते हुए विकास और सुशासन पर भरोसा किया है और महागठबंधन को जनता ने महाठगबंधन करार दिया है।

## भाजपा की ताकत उसकी सक्रिय कार्यकर्ता : पाण्डेय



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने शुक्रवार को पदाधिकारियों, मोर्चा के अध्यक्षों एवं मंडल प्रभारियों की आवश्यक बैठक ली। जिला कार्यालय में आहूत बैठक में संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने एवं बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि भाजपा की ताकत उसका अनुशासित एवं सक्रिय कार्यकर्ता है। सभी को निर्देशित किया कि वे समन्वय के साथ क्षेत्र में निरंतर जनसंपर्क बनाए रखें तथा पार्टी की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को जनता तक पहुंचाएं। बैठक में मंडल स्तर पर चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आगामी रणनीति पर विचार विमर्श किया गया। साथ ही संगठन के निर्देशानुसार विभिन्न कार्यक्रमों को समयबद्ध एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने पर जोर दिया गया।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर)
फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# नए बस स्टैंड में यातायात सुधार की पहल, प्रशासन-व्यापारियों की हुई संयुक्त बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

नगर के नए बस स्टैंड में लगातार बढ़ते यातायात दबाव और अव्यवस्थाओं को सुधारने के उद्देश्य से 17 जनवरी को यातायात व्यवस्था को सुचारु, सुरक्षित और यात्रियों के अनुकूल बनाने के लिए चल रही मुहिम के तहत यह बैठक बस स्टैंड परिसर में ही संपन्न हुई, जिसमें प्रशासन, ट्रैफिक पुलिस और परिवहन से जुड़े सभी हितधारकों ने सहभागिता निभाई। आयोजित बैठक में जिला परिवहन अधिकारी ऋषभ नायडू, डीएसपी मखलेंद्र, यातायात प्रभारी दीपक साव सहित नगर पालिका के अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारी, बस मालिक, बस एजेंट, ऑटो संघ प्रतिनिधि तथा मालवाहक वाहन चालकों से चर्चा किया। यातायात प्रभारी दीपक साव ने बस एजेंटों से सहयोग की अपील करते हुए कहा कि बस स्टैंड की व्यवस्था सुधारने में ट्रैफिक पुलिस की मदद करना सभी की जिम्मेदारी है। उन्होंने निर्देश दिए कि रायपुर से जगदलपुर तथा जगदलपुर से रायपुर जाने वाली सभी बसें शहर के भीतर धीमी गति से चलें। साथ ही बसों को निर्धारित रैक में ही खड़ा किया जाए, ताकि अव्यवस्था और जाम की स्थिति न बने। बैठक में यात्रियों की सुविधाओं पर भी विशेष जोर दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि बस चालकों द्वारा यात्रियों को बाथरूम, पानी एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए पर्याप्त समय दिया जाए। यात्रियों से अभद्र व्यवहार की शिकायतों पर कड़ा रुख अपनाते हुए ऐसे मामलों की पुनरावृत्ति न करने की सख्त हिदायत दी गई। इसके अलावा खराब या अनुपयोगी बसों को बस स्टैंड परिसर के बाहर रखने के निर्देश दिए गए। ट्रैफिक पुलिस ने स्पष्ट किया कि बसों की संख्या लगातार बढ़ने के कारण बस स्टैंड परिसर में ऑटो पार्किंग के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध नहीं हो सकता, इसलिए यह अस्थायी व्यवस्था आवश्यक है। प्रशासन ने सभी से नियमों का पालन करने और आपसी सहयोग से नए बस स्टैंड को सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं यात्री हितैषी बनाने की बात कही।

### गार्डन में की जाएगी अस्थायी व्यवस्था

पार्किंग को लेकर बस और ऑटो चालकों के बीच होने वाले विवादों पर भी चर्चा की गई। इस विवाद के निराकरण पर उपस्थित अधिकारियों ने विवाद नहीं करने की समझाइश देने के बाद निर्णय लिया कि ऑटो चालकों एवं दोपहिया वाहनों की अस्थायी पार्किंग नए बस स्टैंड गार्डन पार्क में की जाएगी।





## शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल

# गोंडाहुर धान खरीदी केंद्र में अनियमितताएं किसानों की मेहनत से कर रहे है खिलवाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजूर

प्रदेश सरकार जहाँ किसानों से एक-एक दाना धान खरीदने और उनकी आय बढ़ाने के दावे कर रही है, वहीं गोंडाहुर धान खरीदी केंद्र की हकीकत इन दावों को आईना दिखा रही है। आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित गोंडाहुर में धान बेचने पहुंचे किसानों को राहत के बजाय शोषण और डर का सामना करना पड़ रहा है। सूक्ति और नमी के नाम पर किसानों के धान में जबरन कटौती कर उनकी मेहनत की कमाई पर खुलेआम हाथ साफ किया जा रहा है, जिससे शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।

किसान रोशन बाछाड़, सूरज बाछाड़ सहित दर्जनों ग्रामीणों ने धान खरीदी केंद्र प्रभारी अश्विनी मण्डल पर गंभीर आरोप लगाए हैं। किसानों का कहना है कि केंद्र में जानबूझकर खराब और दोषपूर्ण नमी मापक यंत्र का उपयोग किया जा रहा है। नमी अधिक बताकर किसानों को यह कहकर डराया जाता है कि उनका धान रिजेक्ट कर दिया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार वे घर से पुराने वारदाना में धान तौलकर केंद्र में लाते हैं, लेकिन केंद्र प्रभारी द्वारा एक से दो बोरी तौलकर वारदाना के बदले वारदाना थमा दिया जाता है। धान पास कराने के बदले प्रति क्विंटल 2.5 से 3.5 किलो अतिरिक्त धान जबरन लिया जा रहा है। किसानों का आरोप है कि प्रति बोरा 41.8 किलो धान की वास्तविक तौल को मुंशी द्वारा 39 किलो बताकर पर्ची बनाई जाती है और वही पर्ची ऑपरेटर तक पहुंचाई जाती है। किसानों ने यह भी बताया कि कर्मचारियों द्वारा साफ शब्दों में कहा जाता है कि अगर अतिरिक्त धान नहीं दोगे तो धान वापस ले जाओ।

धान खरीदी से जुड़ा समस्त खर्च शासन द्वारा वहन किए जाने के बावजूद, गोंडाहुर केंद्र में प्रति बोरी 6 रुपये की अवैध नकद वसूली की जा रही है। घर से तौलकर धान लाने के बाद भी किसानों को इस जबरन हमाली शुल्क का भुगतान करना पड़ रहा है।



### कार्रवाई की माँग की

जनपद सदस्य हरिमोहन दास ने प्रशासन की ढुलमुल कार्यशैली पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने बताया कि केंद्र में महिलाओं से दुर्व्यवहार और केंद्र प्रभारी की मनमानी को लेकर तहसीलदार और एसडीएम पखांजूर को कई बार लिखित शिकायत दी जा चुकी है, लेकिन हर बार आश्वासन के सिवा कुछ नहीं मिला। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि प्रशासन ने कार्यवाही नहीं किया तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

# चोरी का बोर केबल खरीदा, कबाड़ी गिरफ्तार, 52 हजार का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

थाना सिटी कोतवाली कांकेर पुलिस ने बोर केबल चोरी के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चोरी का माल खरीदने वाले कबाड़ी दुकानदार को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इस कार्रवाई से क्षेत्र में सक्रिय चोरी गिरोहों और अवैध कबाड़ कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया तांबे का केबल बरामद कर उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी उदित वीर पासी पिता स्व. रविन्द्रनाथ पासी उम्र 37 वर्ष निवासी ग्राम सिगारभाट कांकेर ने 14 जनवरी 2026 को थाना कांकेर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि उनका फार्म हाउस ग्राम देवकोगेरा में स्थित है, जहां लगे चार बोरों के चार कोर केबल वायर अज्ञात चोर द्वारा काटकर चोरी कर लिए गए।

चोरी गए केबल की अनुमानित कीमत लगभग 52 हजार रुपये बताई गई। मामले में थाना कांकेर में अपराध क्रमांक 24/2026 धारा 303(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई। विवेचना के दौरान पुलिस को महत्वपूर्ण सुराग मिला, जिसके आधार पर पता चला कि चोरी किए गए केबल के तांबे को महादेव वार्ड कांकेर निवासी कबाड़ी दुकानदार अब्दुल लतीफ मेमन द्वारा खरीदा गया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी के पास से चोरी का माल बरामद कर उसे गिरफ्तार किया।



■ पुलिस ने चोरी का माल नहीं खरीदने के लिए व्यापारियों से अपील की

आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। इस सफल कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में उनि सुरेन्द्र मानिकपुरी, प्रआर सुरेश भुआर्य, आरक्षक श्रवण ठाकुर, पुरन साहू, रामराम जुर्री एवं थाना पेट्रोलिंग पार्टी की अहम भूमिका रही। पुलिस की इस सख्त कार्रवाई से क्षेत्र में अपराधियों पर नकेल कसने का स्पष्ट संदेश गया है।

### पुलिस ने व्यापारियों से अपील की

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कांकेर दिनेश सिन्हा से इस मामले में कहा कि सभी व्यापारियों से अपील किया गया है कि चोरी का माल नहीं खरीदे। व्यापारी पुराने माल को बिना बिल के न खरीदे। चोरी का माल खरीदने वाले व्यापारी पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

## खबर संक्षेप

### संभागीय युवा सांसद स्पर्धा में सेजस तीसरे स्थान पर



**कांकेर।** शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय धरमपुरा जगदलपुर के ऑडिटोरियम हॉल में आयोजित संभाग स्तरीय युवा संसद प्रतियोगिता में पीएमश्री सेजेस चारामा के 36 विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट संसदीय कौशल का परिचय देते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यार्थियों की इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद, बीईओ केशव साहू एवं संस्था के प्राचार्य सीताराम सलाम ने कहा कि यह जिले की उपलब्धि है। इस कार्यक्रम की जिला नोडल अधिकारी पुष्पांजलि ठाकुर एवं मार्गदर्शक शिक्षक आदित्य पुरी गोस्वामी, नोहर लाल देवांगन, हिना सिन्हा व विधि राठौर रहे।

### राज्यस्तरीय प्रो-कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता 26 से

**दुर्गुकोंदल।** गोटूल लया लयोर गुरवंडी के तत्वाधान में ग्राम पंचायत मंगहूर के आश्रित ग्राम गुरवंडी में तीन दिवसीय राज्यस्तरीय प्रो- कबड्डी एवं पुरुष वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 26 से 28 जनवरी तक आयोजित होगी। पुरुष वर्ग प्रो-कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 15,000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 7,500 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 3,500 रुपए और महिला वर्ग कबड्डी में प्रथम पुरस्कार 5,000 रुपए तथा द्वितीय पुरस्कार 2,500 रुपए रखा गया है। पुरुष वर्ग वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार 10000 रुपए, द्वितीय पुरस्कार 5000 रुपए एवं तृतीय पुरस्कार 2500 रुपए प्रदान किए जाएंगे। 27 जनवरी को रात्रिकालीन डीजे डांस प्रतियोगिता भी होगी।

### सिलपट लोहत्तर के तीन लालों ने बढ़ाया गांव का मान, हुआ चयन

**दुर्गुकोंदल।** कांकेर जिले के अंतिम छोर पर स्थित ग्राम पंचायत लोहत्तर के अंतर्गत आने वाला छोटा सा गांव सिलपट वर्ष 2025 में ऐतिहासिक उपलब्धियों का साक्षी बना है। इस गांव के तीन होनहार युवाओं ने विभिन्न प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित होकर न केवल अपने माता-पिता बल्कि पूरे गांव, क्षेत्र और जिले का नाम रोशन किया है। इन सफलताओं के बाद गांव में खुशी और उत्साह का माहौल है तथा ग्रामीणों द्वारा इसे गौरव का क्षण बताया जा रहा है। लोक सेवा आयोग की परीक्षा में दुर्योधन तारम का चयन सहकारी निरीक्षक पद पर हुआ है। संतकुमार मंडावी का चयन डीआरजी डिस्ट्रिक्ट रिजर्व गार्ड में तथा परमेश्वर मंडावी का चयन सीमा सुरक्षा बल बीएसएफ में हुआ है। तीनों युवाओं ने कठिन परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के बल पर यह मुकाम हासिल किया है। सीमित संसाधनों के बावजूद इन युवाओं ने यह सिद्ध कर दिया कि मजबूत इच्छाशक्ति और निरंतर प्रयास से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। तीनों चयनित युवाओं की सफलता से उनके परिवारों में खुशी का माहौल है। गांव के बुजुर्गों, युवाओं और बच्चों ने इसे पूरे क्षेत्र के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया है। ग्रामीणों का कहना है कि इन उपलब्धियों से आने वाली पीढ़ियों को पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रति प्रेरणा मिलेगी तथा गांव के अन्य बच्चे भी आगे बढ़ने का सपना देख सकेंगे।

## अभनपुर में पालक-शिक्षक सम्मेलन का तृतीय चरण का हुआ आयोजन



**सरोना।** राज्यशासन के निर्देशानुसार राज्य के समस्त शासकीय विद्यालयों में प्रत्येक तीन माह में पालक-शिक्षक सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। इसी क्रम में शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अभनपुर में पालक-शिक्षक सम्मेलन के तृतीय चरण का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय एवं पालकों के बीच समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाना रहा।

सम्मेलन में छात्र-छात्राओं की आगामी वार्षिक परीक्षा को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। इस दौरान इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि विद्यार्थी शेष समय का सदुपयोग किस प्रकार करें, नियमित अध्ययन की आदत कैसे विकसित करें और परीक्षा की बेहतर तैयारी कैसे की जाए। जनप्रतिनिधियों ने भी अपने विचार रखते हुए पालकों से अपील की कि वे बच्चों को पढ़ाई के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करें और उन्हें नियमित रूप से अध्ययन के लिए प्रेरित करें। पालकों को यह भी बताया गया कि बच्चों की उपस्थिति, गृहकार्य, अध्ययन प्रगति एवं अनुशासन पर निरंतर ध्यान देना आवश्यक है। विद्यालय प्रशासन द्वारा पालकों से आग्रह किया गया कि वे विद्यालय से निरंतर संपर्क में रहें तथा बच्चों की किसी भी समस्या को समय रहते शिक्षकों के संज्ञान में लाएं। अंत में सभी पालकों के प्रति आभार व्यक्त किया गया और यह आशा व्यक्त की गई कि विद्यालय एवं पालकों के सामूहिक प्रयास से विद्यार्थियों का शैक्षणिक स्तर और अधिक सुदृढ़ होगा। कार्यक्रम में शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष बिसनाथ नेताम, जनपद पंचायत सदस्य भाऊ राम भास्कर, भाजपा मंडल अध्यक्ष सरोना टेकेश्वर सिन्हा, जीएस नेताम, सरपंच मालती नेताम, अजय नेताम, फूलचंद नाग, रतिराम नेताम, शंभूराम नेताम, मन्नू राम भास्कर, बूधेश भास्कर, गंगा देवी नेताम एवं निर्मल मरकाम, प्राचार्य रूपेंद्र रामटेके, आरपी नेताम, बुद्धि साहू, रंजना कोर्राम, खेमन सुरोजिया, मनीष साहू, अफजल अली, अर्जुन मंडावी सहित विद्यालय के समस्त स्टॉफ एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चालक की लारवाही से दो की मौत, अपराध कायम



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत फरसकोट मेन रोड में बाइक सवार दो लोगो की मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया था। विवेचना में पाया गया कि मृतक 55 वर्षीय जोहर सिंह पटेल पिता रामु राम पटेल उम्र 55 वर्ष और 50 वर्षीय अशोक कुमार पटेल पिता इतवारू राम पटेल निवासी ठेमा बुजुर्ग थाना डौंडी जिला बालोद दोनो 15 दिसंबर को मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 एन 0314 में सवार होकर जोहर पटेल के भतीजा रोहित पटेल के लिए लड़की देखने अंतागढ़ गए थे। लड़की देखकर अंतागढ़ से 16 दिसंबर को वापस घर ठेमा बुजूर्ग आ रहे थे। मोटर सायकल को अशोक कुमार पटेल चला रहा था। फरसकोट मेन रोड के पास पहुंचे थे तभी अशोक कुमार पटेल द्वारा मोटर सायकल को तेज गति से उतावलेपन से चलाने से मोटर सायकल अनियंत्रित होने से एक्सीडेंट हुआ और दोनो मोटर सायकल सहित गिर गए। गिरने से आई चोटों के कारण मोटर सायकल चालक अशोक कुमार पटेल व मोटर सायकल के पीछे बैठे जोहर सिंह पटेल का मौत हो गया। पुलिस द्वारा मोटर सायकल चालक अशोक कुमार पटेल के खिलाफ धारा 281, 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

## वेतन विसंगति व क्रमोन्नत सहित कई मांगों पर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन




**कांकेर।** छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक व समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा अपनी विभिन्न लंबित मांगों के निराकरण को लेकर 17 जनवरी शनिवार को जिला स्तरीय एकदिवसीय आंदोलन आयोजित किया गया। इस आंदोलन में जिले के सभी विकासखंडों से बड़ी संख्या में सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक शामिल हुए और शांतिपूर्ण व अनुशासित तरीके से शासन का ध्यान अपनी समस्याओं की ओर आकर्षित किया।

आंदोलन के दौरान फेडरेशन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री, शिक्षा मंत्री एवं प्रमुख सचिव (स्कूल शिक्षा विभाग) के नाम नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में शिक्षकों से जुड़ी प्रमुख मांगों का उल्लेख करते हुए शीघ्र समाधान की मांग की गई। फेडरेशन के जिला अध्यक्ष निर्भय कोवाची ने जानकारी देते हुए बताया कि यह आंदोलन लंबे समय से लंबित मांगों को लेकर किया गया है। चुनाव के दौरान राज्य सरकार द्वारा मोदी की गारंटी के तहत सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर करने का वादा किया गया था, लेकिन अब तक इस दिशा में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे शिक्षकों में गहरा असंतोष व्याप्त है। प्रमुख मांगों में वेतन विसंगति का निराकरण, सभी शिक्षकों को क्रमोन्नत वेतनमान प्रदान करना, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना कर समस्त लाभ देना, वीएसके ऐप से जुड़ी व्यावहारिक एवं तकनीकी समस्याओं का समाधान तथा अन्य शैक्षणिक व प्रशासनिक मुद्दे शामिल हैं। प्रथम नियुक्ति तिथि की गणना नहीं होने से शिक्षकों को आर्थिक और सेवा संबंधी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

## गिट्टी-मुरुम के खुले परिवहन से दहशत ठेकेदार की लापरवाही पर प्रशासन मौन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पखांजुर

पखांजूर क्षेत्र में इन दिनों विकास कार्यों के नाम पर लापरवाही का खतरनाक खेल चल रहा है। सड़कों पर दौड़ते खुले हाईवा वाहन न सिर्फ नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं, बल्कि आम नागरिकों की जान को भी जोखिम में डाल रहे हैं। बिना तिरपाल ढके गिट्टी और मुरुम से भरे भारी वाहन गुजरते पल हादसों को दावत दे रहे हैं, लेकिन जिम्मेदार आंखें मूंदे बैठे हैं।

परलकोट क्षेत्र में चल रहे निर्माण कार्यों के तहत बहुत दूर-दराज से गिट्टी और मुरुम लेकर पहुंच रहे हाईवा खुले में सामग्री का परिवहन कर रहे हैं। नियमों के अनुसार ऐसी सामग्री को तिरपाल से ढकना अनिवार्य है, लेकिन यहां नियम केवल कागजों तक ही सीमित नजर आ रहे हैं। इन खुले वाहनों की वजह से सड़क पर चलना लोगों के लिए किसी चुनौती से कम नहीं रह गया है। तेज रफ्तार चल रही हाईवा से उठती धूल के कारण पीछे चल रहे दोपहिया वाहन चालकों को कुछ भी दिखाई नहीं देता, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। ओवरलोड और खुले वाहनों से गिट्टी के टुकड़े चलते-चलते सड़क पर गिर रहे हैं, जिससे वाहन फिसलने और गंभीर चोट लगने का खतरा बढ़ गया है। लगातार उड़ती धूल से आसपास के ग्रामीणों और राहगीरों को सांस लेने में तकलीफ, आंखों में जलन और अन्य स्वास्थ्य समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

### ग्रामीणों में आक्रोश, जिम्मेदार मौन

स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि गाड़ियों का यह रेला काफी दूर से आता है, जिससे लंबी दूरी तक सड़कें खराब और असुरक्षित हो चुकी हैं। कई बार ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों का ध्यान इस ओर दिलाया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों का आरोप है कि ठेकेदार पर प्रशासनिक नियमों का कोई डर नहीं है और खुलेआम नियमों की अनदेखी की जा रही है।

## अल्पसंख्यक समुदाय के छात्राओं का सम्मान 19 को

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग द्वारा जिले में अध्यनरत प्रतिभावान अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, ईसाई, सिख, बौद्ध, जैन एवं पारसी शिक्षा सत्र 2024-25 के छात्र छात्राओं का शैक्षिक सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजन 19 जनवरी सोमवार को अपरान्ह 12 बजे से छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष राज्य मंत्री दर्जा अमरजीत सिंह छाबड़ा मुख्य आतिथि में शहीद रामकुमार यादव शाकउमवि लट्टीपारा में होगा।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज







